श्री अशोक कुमार, माननीय स०वि०प० (स्थानीय प्राधिकार, नवादा) से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–1/202/246 का उत्तर प्रतिवेदन।

	प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
	क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–	
(क)	क्या यह सही है कि नवादा जिला अंतर्गत बहने वाली दो नदियां खुरी एवं सकरी महत्वपूर्ण नदियां हैं;	स्वीकारात्मक।
(ख)	क्या यह सही है कि है; खुरी नदी को सकरी नदी से जोड़ दिया जाय तो किसान हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई से लाभान्वित होंगे;	• खुरी नदी एवं सकरी नदी दोनों पूर्णतः बरसाती नदी है एवं दोनों नदियों का जलग्रहण क्षेत्र लगभग समान है। दोनों नदियों में जलश्राव वर्षापात पर निर्भर करता है। अल्प वर्षापात होने पर दोनों नदियों में जल की कमी रहती है। • सकरी नदी पर नवादा जिलांतर्गत ग्राम पौरा के पास पौरा बीयर निर्मित है। इसके अतिरिक्त सकरी नदी पर निम्नप्रवाह में कई सिंचाई योजनाएँ नर्मित है, जिनसे सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है एवं कुछ निर्माणाधीन है, जिससे सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। • खुरी नदी से नवादा जिले में कई छोटे–छोटे पईन निकलती है। इन पईनों के माध्यम से स्थानीय कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो पाती है। साथ ही खुरी नदी निम्नप्रवाह में पंचाने नदी से मिलती है, जिसपर कई सिंचाई योजनाएँ निर्मित है। • उपरोक्त सिंचाई योजनाओं के लिए जलश्राव की कमी प्रायः रहती है। अतः दोनों नदियों को आपस में जोड़ देने से अतिरिक्त सिंचाई क्षमता में वृद्धि नहीं होगी।
(ग)	यदि उपर्युक्त खडों के उत्तर स्वीकारत्मक है तो क्या सरकार दोनों नदियों को जोड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	वर्तमान में प्रश्नगत् खुरी नदी को सकरी नदी से जोड़ देने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

१५

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–07–07 / 2022..............................पटना / दिनांक :......................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–01 / 202 / 246 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन तीन प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–07–07 / 2022..............................पटना / दिनांक :......................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–07–07 / 2022..............................पटना / दिनांक :......................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–07–07 / 2022....333..............पटना / दिनांक :19/01/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/1/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव